हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, बुधवार 28 जनवरी 2026

11 स्वतंत्रता सेनानियों ने भारत में पूर्ण स्वराज के...



12 जिलास्तरीय समारोह में उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर...



## यूपी पुलिस ने कफ सिरप तस्करी मामले में 50 हजार के इनामी बदमाश को नारनौल से पकड़ा

### देश के 12 राज्यों में करीब 65 फर्जी बनाई हुई थी फर्म, 75 दिनों से चल रहा था फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

उत्तर प्रदेश पुलिस ने प्रतिबंधित कोडीन युक्त कफ सिरप की तस्करी व अवैध खरीद तथा बिक्री के बड़े रैकेट को पकड़ा है। यूपी पुलिस ने प्रमुख दवा व्यापारी व मुख्य आरोपित विनोद अग्रवाल को नारनौल से गिरफ्तार कर लिया है। विनोद अग्रवाल पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित था तथा वह पिछले करीब ढाई महीने से फरार था। उसकी गिरफ्तारी पुलिस की सतर्कता और तकनीकी निगरानी के बाद संभव हो पाई। विनोद अग्रवाल को गिरफ्तार करने में पुलिस की तकनीकी निगरानी ने अहम भूमिका निभाई। फरारी के दौरान अग्रवाल ने अपने मोबाइल और लैपटॉप को बंद रखा। जिससे उसकी लोकेशन ट्रैक करना मुश्किल हो रहा था, लेकिन तीन जनवरी को उसने एक खास व्यक्ति से संपर्क करने के लिए नारनौल में वॉट्सऐप पर लॉगिन किया। जिसका आईपी एड्रेस ट्रैक कर पुलिस ने उसका ठिकाना पता लगाया। इसके बाद कानपुर पुलिस व क्राइम ब्रांच ने संयुक्त ऑपरेशन चलाकर उसे गिरफ्तार कर लिया।



यह मामला नवंबर 2025 का है। जब खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने कानपुर के बिरहाना रोड स्थित अग्रवाल ब्रदर्स की दुकान और कोपरगंज के गोदाम पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान करोड़ों रुपये कीमत के कोडीन युक्त कफ सिरप, ट्रामाडोल टैबलेट्स व एक्सपायरी दवाएं जब्त की गई। इन दवाओं का नशे के लिए बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किया जा रहा था। इस छापेमारी के दौरान विनोद अग्रवाल व उसके बेटे शिवम अग्रवाल फरार हो गए थे। इसके बाद कलेक्टर गंज थाने में मुकदमा दर्ज किया गया और पुलिस ने छानबीन शुरू की। जांच में सामने आया कि विनोद अग्रवाल एक बड़े तस्करी नेटवर्क का हिस्सा था। उसने 12 राज्यों में 65 से अधिक फर्जी फर्में बनाई थी तथा इन फर्जी फर्मों के जरिए प्रतिबंधित दवाओं की सप्लाई की जा रही थी। पुलिस ने बताया कि विनोद अग्रवाल व उसके साथियों के नेटवर्क का अंतर राष्ट्रीय कनेक्शन भी था, जो अवैध दवाओं की तस्करी के लिए जिम्मेदार था।

#### राज्यों के 8 शहरों में बदले ठिकाने

पुलिस के मुताबिक अग्रवाल ने फरारी के दौरान कई राज्यों के आठ शहरों में ठिकाने बदले थे। कानपुर में भी वह रिश्तेदारों व साझेदारों के यहां छिपा था, लेकिन पुलिस की बढ़ती घेराबंदी के कारण वह अन्य राज्यों में शिफ्ट हो गया था। अब विनोद अग्रवाल की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने उसकी संपत्ति जब्ती और अन्य आरोपितों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि अग्रवाल के खिलाफ अवैध क्रय विक्रय, भंडारण, अंतर राष्ट्रीय सप्लाई, कूटरचित दस्तावेजों से साक्ष्य छेड़छाड़ और सरकारी कार्य में बाधा जैसे पुख्ता सबूत हैं। पुलिस को उम्मीद है कि पूछताछ के दौरान नए खुलासे हो सकते हैं। जैसे नेटवर्क के अन्य सदस्यों के ठिकाने, फर्जी फर्मों का पैसा व अंतर राष्ट्रीय कनेक्शन।

### बाइकर्स से 11.420 ग्राम स्मैक बरामद, दो गिरफ्तार

**महेंद्रगढ़।** पुलिस ने नशीले पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए जाटवास मोड के पास दो युवकों को 11 ग्राम 420 मिलीग्राम स्मैक/चिट्टा सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सुमित कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि सीआईए की टीम गश्त के दौरान सतनाली मोड पर मौजूद थी, तभी गुप्त सूचना मिली कि दो युवक एक काले रंग की बाइक पर सवार होकर नारनौल से महेंद्रगढ़ की ओर आ रहे हैं और उनके पास नशीला पदार्थ है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने जाटवास मोड पर नाकाबंदी की। संदिग्ध बाइक को आता देख जब उसे रूकने का इशारा किया गया, तो पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए बाइक सवार दोनों युवकों को काबू कर लिया। पूछताछ के दौरान चालक की पहचान सोनू निवासी सैनीपुरा और पीछे बैठे युवक की पहचान अन्नू कुमार निवासी प्रतापपुरा अलवर के रूप में हुई। नियमों के अनुसार मौके पर राजपत्रित अधिकारी को बुलाया गया, जिनकी उपस्थिति में तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान आरोपितों से सिल्वर पेपर में लिपटा हुआ नशीला पदार्थ बरामद हुआ, जिसका वजन करने पर वह कुल 11 ग्राम 420 मिलीग्राम स्मैक पाया गया। पुलिस ने बरामद नशीले पदार्थ और बाइक को जब्त कर लिया।

### खबर संक्षेप

#### ट्रांसफार्मर से कॉपर वायर व पार्ट्स चोरी

**नारनौल।** गांव धौलेड़ा स्थित पंप हाउस नंबर चार से अज्ञात चोरों ने 400 केवीए क्षमता का बिजली ट्रांसफार्मर तोड़कर उसमें से कॉपर वायर व अन्य कीमती पार्ट्स चोरी कर लिए। निगम के जेई सज्जन की ओर से निजामपुर थाना में पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीते कल सुबह करीब सात बजे पंप हाउस के नाइट ड्यूटी स्टाफ हंसराज व सुंदर ने फोन पर पंप हाउस में लगे ट्रांसफार्मर के टूटे होने की सूचना दी। जिसके बाद वह मौके पर पहुंचे। जहां ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त अवस्था में मिला। ट्रांसफार्मर से कॉपर तार व अन्य मुख्य पार्ट्स चोरी कर लिए थे, जबकि उसमें भरा हुआ तेल जमीन पर फैला हुआ पाया गया।

#### पाताली हनुमान मंदिर में चोरी का प्रयास

**नारनौल।** शहर के सबसे व्यस्ततम महावीर चौक पर स्थित पाताली हनुमान मंदिर में चोरों ने ताला तोड़कर चोरी की प्रयास किया। हालांकि चोर ताला तोड़ नहीं पाए, लेकिन पुजारी को किसी कटर से ताला तोड़ने के निशान मिले। इससे पहले भी तीन बार इस मंदिर में चोरी हो चुकी है। मंदिर के पुजारी गोपाल स्वामी ने बताया कि वह 26 जनवरी को सुबह जब मंदिर में पूजा करने के लिए आया, तो देखा कि ताले को किसी कटर से काटने का प्रयास किया गया है। उन्होंने बताया कि चोरों ने यहां मंदिर से चोरी का प्रयास किया है।

### खराब मौसम ने बढ़ाई किसानों की चिंता, फसलों में नुकसान का अंदेशा

## नारनौल, निजामपुर, अटेली और सतनाली के आसपास ओलावृष्टि

#### मौसम में आए बदलाव के कारण जिले में रात्रि तापमान में हल्की बढ़त, जबकि दिन के तापमान में हल्की गिरावट देखने को मिली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

क्षेत्र में मंगलवार सुबह बारिश के साथ हल्की ओलावृष्टि हुई। ओलावृष्टि के चलते किसानों को फसलों में नुकसान होने की संभावना लगाई जा रही है। ओलावृष्टि शहर के साथ लगते कुछ गांवों में भी हुई। इसके बाद बारिश का दौर शुरू हो गया। जिले में सुबह से ही पश्चिमी मौसम प्रणाली का असर साफ तौर पर देखने को मिला। नारनौल के अलावा नांगल चौधरी, अटेली व सतनाली में हल्की बारिश तथा बूंदाबांदी हुई। वहीं नारनौल, अटेली व सतनाली के आसपास बिखराव वाली ओलावृष्टि भी हुई, जबकि महेंद्रगढ़ व कनीना में बिखराव वाली हल्की बूंदाबांदी हुई। मौसम में आए इस बदलाव ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है।

मौसम में आए बदलाव के कारण जिले में रात्रि तापमान में हल्की बढ़त, जबकि दिन के तापमान में हल्की गिरावट देखने को मिली। मंगलवार को नारनौल में 6.5 एमएम, नांगल चौधरी ने 3.5, अटेली में 7.3 व कनीना 2.2 एमएम बारिश हुई, जबकि सतनाली व महेंद्रगढ़ में केवल बूंदाबांदी हुई। वहीं नारनौल, निजामपुर व अटेली के साथ सतनाली के आसपास के ग्रामीण इलाकों में हल्की ओलावृष्टि भी हुई। नारनौल में दिन व रात का तापमान क्रमशः 13.8 व 8.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। वहीं ओलावृष्टि से जिले में फसलों में नुकसान होने की आशांका बनी हुई है, जबकि हल्की बारिश व बूंदाबांदी फसलों में अमृत तुल्य रही।

मौसम पूर्वानुमानः मौसम विशेषज्ञ डॉ. चन्द्र मोहन ने बताया कि आने वाले तीन चार दिनों तक एक बार फिर से उत्तरी बर्फिली सर्द हवाओं से रात्रि तापमान में गिरावट देखने को मिलेगी तथा हवाएं शांत रही तो सुबह धुंध व कोहरा देखने को मिलेगा। इसके बाद 31 जनवरी व तीन फरवरी को पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से मौसम में बदलाव तथा तापमान में उतार चढ़ाव देखने को मिलेगा।



नारनौल। शहर में गिरे ओले। फोटो : हरिभूमि

#### बारिश से नुकसान नहीं

कृषि विभाग के बीएओ डॉ. हरीश यादव ने बताया कि बारिश के साथ तेज हवा चलने के आसार हैं, इसलिए किसानों को फसलों की सिंचाई तुरंत बंद करने की हिदायत है। अन्यथा पौधे आड़े गिर जाएंगे, जिससे पैदावार प्रभावित होगी और चारा भी खराब हो जाएगा। बारिश होने से सभी फसलों को जबरदस्त फायदा हुआ है।

#### बादलों की गर्जना ने किसानों का बढ़ाई धड़कने

**नांगल चौधरी।** उपमंडल के गांवों में मंगलवार की अलसुबह हल्की बारिश हुई, जिससे फसलों को नुकसान नहीं, लेकिन बादलों की गर्जना व ओलावृष्टि की संभावनाओं ने किसानों की धड़कने बढ़ा दी। निजामपुर के पवेरा व नापला गांव में ओलावृष्टि हुई है। अभी 24 घंटे मौसम परिवर्तनशील रहेगा। इस दौरान हल्की बारिश व मामूली ओलावृष्टि की आशंका जताई गई है। कृषि विभाग ने किसानों को सिंचाई प्रक्रिया रोकने की हिदायत दी है। आपको बता दें कि नांगल चौधरी व निजामपुर के गांवों में करीब 90 हजार एकड़ रकबे पर सरसों, गेहूं तथा चने की बुवाई हुई है। 30 हजार से अधिक जमीन पर बारानी फसलें खड़ी हैं, जिसे तीन दिन पहले हुई मावठ से संजीवनी मिली है। अब बारिश होने से भी फसलों को फायदा ही होगा, लेकिन बादलों की तेज गर्जना व ओलावृष्टि की आशंका बना हुई है। सुबह बारिश के साथ पवेरा, नापला गांव में बारीक ओले बरसे हैं, जिससे किसानों की धड़कने तेज हो गई थी, लेकिन कुछ देर में ओले रूक गए और हवा के प्रभाव से बादल भी छंटे हैं। किसान विनोद कुमार, अशोक, महावीर प्रसाद, ग्यारसीलाल, मनोहरलाल ने बताया कि सरसों की फसल कटाई की प्रक्रिया फरवरी के अंतिम सप्ताह में आरंभ हो जाएगी। इस दौरान तेज हवा, बारिश या ओले पड़ने से पैदावार पर सीधा असर पड़ेगा। खेतों में चना फाल से भरपूर नजर आ रहा है, जिससे किसानों को इस बार अच्छी पैदावार की उम्मीद बंधी है।



महेंद्रगढ़। नागरिक अस्पताल में कागजी कार्रवाई पुलिस। फोटो : हरिभूमि

## प्रॉपर्टी डीलरों से तंग आकर युवक ने किया सुसाइड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

सतनाली क्षेत्र में एक युवक ने प्रॉपर्टी डीलरों से तंग आकर तथा गिरफ्तार होने के डर से आत्महत्या कर ली। आत्महत्या से पूर्व युवक ने एक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर भी डाली है, जिसमें उसने प्रॉपर्टी डीलरों को उसकी आत्महत्या के लिए जिम्मेवार ठहराया है। वीडियो में युवक ने छह नाम बताए हैं। युवक की मौत के बाद परिजनों ने पुलिस को शिकायत दी है। वहीं युवक ने एक सुसाइड नोट भी छोड़ा है। पुलिस ने मृतक का नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया है।

सतनाली क्षेत्र के गांव डिगरोता में योगेश नाम के एक युवक ने प्रॉपर्टी डीलरों से परेशान होकर 25 जनवरी को सुसाइड कर लिया। मृतक के भाई मुकेश ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि जमीन और पैसों के लेन-देन से जुड़े विवादों के चलते उसके भाई योगेश को लंबे समय से मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था, जिससे वह अत्यधिक तनाव में था। परिवार के अनुसार मृतक द्वारा एक सुसाइड नोट छोड़ा गया है, वहीं मोबाइल फोन में कुछ वीडियो भी रिकॉर्ड किए गए हैं। परिजनों का कहना है कि इन दस्तावेजों में कई लोगों के नाम सामने आए हैं, जिन पर जमीन हड़पने, पैसे लेने के बाद वापस न करने और लगातार धमकाने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं। सभी साक्ष्य पुलिस प्रशासन को सौंप दिए गए हैं। परिजनों ने बताया कि विवादित जमीन को लेकर पहले भरोसा दिलाया गया था कि कोई नुकसान नहीं होगा, लेकिन बाद में जमीन बेच दी गई और रकम भी वापस नहीं की गई। पैसे मांगने पर कथित रूप से जान से मारने की धमकियां दी गईं। इसी मानसिक दबाव के चलते युवक टूट गया। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है। ग्रामीणों और परिजनों ने प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों को जल्द गिरफ्तार किया जाए, ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके।

#### वीडियो में ये बोला युवक



मैं अपनी ये वीडियो बनाने जा रहा हूं और अपने पूरे होश-हवास में हूं। वीडियो के अंदर जिक्र करके जा रहा हूं, ताकि पुलिस प्रशासन को मुजरिम पकड़ने में कोई परेशानी न हो। मेरी खुदकुशी के पीछे राकेश चेयरमैन, भगत राजेश उर्फ भगत, सुखबीर उर्फ निट्टू, पिंकू नंदगांव, परमजीत फौजी सरपंच, ओमप्रकाश शर्मा बारड़ा इन व्यक्तियों के खिलाफ अपना कदम उठाने जा रहा हूं। इस वीडियो की हरिभूमि पुष्टि नहीं करता है।

#### सुसाइड नोट बरामद

*सतनाली थाना एएसआई रेखा ने बताया कि युवक ने पंखे पर फंदा लगाकर सुसाइड किया है। परिजनों ने पुलिस के पहुंचने से पहले ही डेडबॉडी को उतार लिया था। युवक के शव का पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। सुसाइड नोट में पांच से छह लोगों का नाम लिखा है। जांच के बाद मामले में कार्रवाई की जाएगी।*



नारनौल। विधायक मंजू चौधरी को ज्ञापन सौंपते जिला प्रधान सुरेंद्र यादव।

## नीरपुर के मेजर जनरल अरविंद यादव को विशिष्ट सेवा मेडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

सैनिकों की खान कहे जाने वाले जिला महेन्द्रगढ़ के गांव नीरपुर निवासी मेजर जनरल अरविंद यादव को 77वें गणतंत्र दिवस पर विशिष्ट सेवा पदक प्रदान करने की घोषणा की गई है। जिससे समूचे क्षेत्र में खुशी की लहर है। विशिष्ट सेवा मेडल भारतीय सशस्त्र सेनाओं का एक प्रतिष्ठित सैन्य सम्मान है, जो असाधारण या उच्च कोटि की विशिष्ट सेवा के लिए प्रदान किया जाता है। इसकी घोषणा गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर की गई है।

उल्लेखनीय है कि मेजर जनरल अरविंद यादव गांव नीरपुर निवासी अंतर राष्ट्रीय ख्याती प्राप्त वैज्ञानिक स्व. डॉ. जेएस यादव के पुत्र हैं। उन्होंने 1988 में भारतीय सेना में बतौर सैकंड लेफ्टिनेंट अपनी सेवा आरम्भ की थी और विभिन्न पदों पर देश जे विभिन्न हिस्सों में रहते हुए अपनी कर्तव्यपरायणता का लोहा मनवाया है। वे इस पद पर पहुंचने वाले जिले के एकमात्र सैन्य अधिकारी हैं। फिलहाल वे नई दिल्ली में भारतीय तोपखाना के अतिरिक्त महानिदेशक के पद पर कार्यरत हैं। मेजर जनरल अरविंद यादव के पिता डॉ. जेएस यादव अंतर राष्ट्रीय स्तर के जीव वैज्ञानिक थे और उन्होंने कुरुक्षेत्र में यादव धर्मशाला की स्थापना की थी। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में पढ़ाते हुए वे दक्षिणी हरियाणा के सभी छात्रों के अभिभावक थे। मेजर जनरल अरविंद यादव को यह पदक भारतीय भारतीय सशस्त्र बलों की सर्वोच्च कमांडर एवं राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू की ओर से राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में प्रदान किया जाएगा। क्षेत्र के अनेक राजनीतिज्ञों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, अधिकारियों व पूर्व सैनिकों ने हर्ष जताते हुए इसे अहीरवाल की मिट्टी का सम्मान बताया।



### पुरानी पेंशन बहाली के लिए एमएलए को सौंपा ज्ञापन

**नारनौल।** पेंशन बहाली संघर्ष समिति की ओर नारनौल के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में जिला प्रधान सुरेन्द्र यादव के नेतृत्व में नांगल चौधरी की विधायक मंजू चौधरी को एक ज्ञापन सौंपा गया। समिति की ओर से प्रदेश के सभी विधायकों और सांसदों को पुरानी पेंशन बहाली के लिए प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपे जा रहे हैं। इस मौके पर विधायक मंजू चौधरी ने कहा कि पेंशन कर्मचारी का हक है और कर्मचारी को पुरानी पेंशन मिलनी चाहिए, ताकि वे बुढ़ापे में भी सम्मानपूर्वक जीवन जी सकें। उन्होंने कहा कि वह इस ज्ञापन को प्रधानमंत्री के पास प्रेषित करेंगी और मांग करेंगी कि राजस्थान, छत्तीसगढ़ और हिमाचल प्रदेश की तरह पूरे देश में कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाल करें। उन्होंने कहा कि आगामी बजट सत्र में वह खुद भी हरियाणा विधानसभा में इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाएंगी। इस अवसर पर पंकज जांगड़ा, सुरेश चौहान, सतीश कुमार, संगीत कुमार, उमेश शर्मा, ग्यारसी लाल, शिव चरण, मनोज सोलंकी, रामचंद्र सैनी व प्रवीण स्वामी समेत अनेक कर्मचारी उपस्थित रहे।

### मधुमक्खी के पेट्रियों को आग लगाई, लाखों मधुमक्खी जली

**मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्र के सलीमपुर के समीप एक प्रवासी मजदूर-किसान के मधुमक्खी की पेट्रीयों को आग लगा कर जला दिया। पीड़ित किसान को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। पीड़ित किसान अनपढ़ व दूसरे प्रांत का होने के कारण अभी तक थाने में भी शिकायत दर्ज नहीं कराया है। गांव कारिया के पूर्व सरपंच प्रतिनिधि पिंटू कारिया द्वारा समझा कर उसकी सहायता की है। आग लगाने वाले के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। यूपी निवासी सर्वेश कुमार ने बताया कि उसने अटेली कस्बे में शक्ति नगर के सामने खेतों में सरसों के खेतों के समीप मधुमक्खी पालन के 290 पेट्टी रखे हुए थे। 22 जनवरी को खेते के समीप मधुमक्खी के पेटियों को किसी ने आग लगा दी। उस समय वह दूसरी साइट पर गया हुआ था। आग की सूचना आस-पास के लोगों ने फायर बिग्रेड को दी, उसने आग पर काबू पाया। आग से अधिकतर डिब्बे जल गये। इसके अलावा उन पेट्टीयों से निकला हुआ 23 बाल्टी शहद भी जल गया। आग से करीब 75 लाख मधुमक्खी जल गया तथा लाखों रुपये का नुकसान हो गया।



कनीना। शिक्षकों की नियुक्ति की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपते ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

### स्कूल में शिक्षकों की नियुक्ति की मांग

**कनीना।** विकास खंड के गांव कोटिया के राजकीय माध्यमिक विद्यालय में शिक्षकों की कमी के चलते ग्रामीणों ने स्टाफ उपलब्ध कराने की मांग को लेकर सीएम के नाम का ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। एसडीएम डॉ. जितेंद्र सिंह को सौंपे ज्ञापन में कहा कि विद्यालय में कक्षा छठी से आठवीं तक कुल 30 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। जिनकी एवज में शिक्षकों की कमी बनी हुई है। उन्होंने कहा कि अगस्त 2022 तक एमआईएस पोर्टल पर लिपिक व सेवादार सहित शिक्षकों के सात पद सृजित थे। इसके बाद सितंबर माह में चार पद ही स्वीकृत किए गए। नियमानुसार विद्यालय में उपरोक्त सभी पदों पर शिक्षकों की नियुक्ति होनी चाहिए, जबकि सितंबर 2025 में शिक्षक महिपाल सेवानिवृत्त हो चुके हैं। गांव के सरपंच धर्मबीर यादव, ग्रामीण ईश्वर सिंह, सुंदरलाल, देशराज, मांगेराम, हरिराम ने शिक्षकों की नियुक्ति की मांग की है।

### चौधरी साहब ने स्वाधीनता संग्राम से जुड़ी गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया

## वैदिक पथ के पथिक चौधरी मित्रसेन आर्य की पुण्यतिथि पर ब्लड कैंप आज नारनौल में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

प्रसिद्ध आर्य समाजी, समाससेवी, उद्योगपति व वैदिक पथ के पथिक चौधरी मित्रसेन आर्य की पुण्य स्मृति में 28 जनवरी को प्रातः साढ़े नौ बजे नारनौल की आईटीआई में श्रद्धांजलि कार्यक्रम एवं विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में जिले के प्रशासनिक अधिकारियों, राजनेताओं, समाजसेवकों एवं प्रतिष्ठित लोगों के साथ–साथ स्वेच्छा से रक्तदान करने वाले युवा रक्त यौद्धाओं को भी आमंत्रित किया गया है। यह कार्यक्रम दैनिक हरिभूमि कार्यालय नारनौल की ओर से आयोजित किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि आर्य समाज के पुरोधा, स्वतंत्रता संग्राम तथा हिंदी आंदोलन के सत्याग्रही स्वर्गीय मित्रसेन आर्य देश के एक बड़े समाजसेवी, उद्योगपति और आर्यसमाजी थे, जिन्होंने अपना जीवन समाज को जगाने और उसके उत्थान में समर्पित कर दिया था। उन्होंने युवाओं को चरित्रवान व गुणवान बनाने के लिए तकनीकी व उच्च शिक्षा के लिए अनेक शिक्षण संस्थाओं की स्थापना की। जमीन से उठकर आसमान की उंचाइयां छूने वाले स्व. चौधरी मित्रसेन आर्य का जन्म 15 दिसंबर 1931 को हिसार जिले के खांडाखेड़ी गांव के आर्य समाजी परिवार में हुआ था। स्वाधीनता संग्राम सेनानी परिवार में जन्में चौधरी मित्रसेन आर्य का बचपन विकट परिस्थितियों में गुजरा। मगर उन्होंने अपने आशावादी दृष्टिकोण, विवेक व बुद्धि के बल पर पहाड़-सी कठिनाइयों का सामना अत्यंत धैर्यपूर्ण ढंग से किया।

#### चौधरी मित्रसेन आर्य 'कृषि विशारद' की उपाधि से सम्मानित




भारत सरकार द्वारा 'कृषि विशारद' की उपाधि से सम्मानित चौधरी मित्रसेन आर्य गुजरात में आए विनाशकारी भूकम्प से तबाह हुए दो गांवों को गोद लेकर उन्हें पुनः बसाने, तीन दर्जन से अधिक शिक्षण संस्थानों को आर्थिक मदद देने, नष्ट होने के कगार पर पहुंचे मूल्यवान साहित्य को प्रकाशित करवाने में अमूल्य योगदान, गो-सेवा में सराहनीय सहयोग व समाजसेवक की अग्रणी भूमिका के चलते वे मानवता के लिए सदैव प्रेरक बन गए। उन्होंने अपनी सूझबूझ, कठिन परिश्रम, दूरदर्शिता और सादगी के बल पर सफलता की एक ऐसी शानदार इबारत लिखी, जो अपने आपमें एक विशिष्ट उदहरण है। वे एक व्यक्ति न होकर अपने आपमें पूरी संस्था थे। वे जो दिन-रात समाज कल्याण को समर्पित रहते थे। विराट व्यक्तित्व के धनी चौधरी मित्रसेन आर्य का 27 जनवरी 2011 को निधन हो गया।

#### 1957 में सत्याग्रह आंदोलन में लिया भाग

साल 1957 में उन्होंने सत्याग्रह आंदोलन में भाग लिया। वे रोहतक में झज्जर रोड आर्य समाज के जत्थे के साथ गिरफ्तार हुए थे। उस समय उनका परिवार रोहतक के सैनीपुरा में रह रहा था और उनके सबसे बड़े बेटे मात्र ढाई वर्ष के थे। वे 9 अगस्त से 19 दिसंबर 1957 तक करीब साढ़े चार महीने हिसार की बोस्टन जेल में बंद रहे। उन पर क्रांतिकारी गतिविधियों का गहरा प्रभाव रहा। लाला लाजपत राय जैसे क्रांतिकारियों के संपर्क में आकर चौधरी साहब ने स्वाधीनता संग्राम से जुड़ी गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।



## गांधी टॉक्स का ट्रेलर रिलीज, बिना बोले दमदार कहानी दिखाती है फिल्म

**मुंबई।** विजय सेतुपति की आगामी साइलेंट फिल्म 'गांधी टॉक्स'का ट्रेलर रिलीज हो गया है। साइलेंट फिल्म होने के नाते ट्रेलर में एक भी डायलॉग नहीं है। लेकिन हां, एआर रहमान का संगीत ट्रेलर को रोमांचक बनाता है। । 'गांधी टॉक्स' 30 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। ट्रेलर आपको चार्ली चैपलिन की फिल्मों के दौर की भी याद दिलाएगा। ट्रेलर से पता चलता है कि कहानी के केंद्र में विजय सेतुपति हैं। ट्रेलर फिल्म को लेकर लोगों का उत्साह बढ़ाता है। यह फिल्म बेरोजगार विजय सेतुपति की कहानी है, जिसे अपने घर के सामने रहने वाली पड़ोसी अदिति राव से प्यार हो जाता है। दूसरी कहानी करोड़पति अरविंद स्वामी की है, जो अपनी सारी दौलत खो देता है।

लाइफ Style



# मिमी

## स्टेज परफॉर्मेंस के दौरान उत्पीड़न का लगाया आरोप

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मिमी चक्रवर्ती ने एक लाइव स्टेज शो के दौरान उत्पीड़न और अपमान का आरोप लगाया है। यह घटना रविवार को बनगांव शहर के नयाग्राम इलाके में हुए एक सांस्कृतिक कार्यक्रम में हुई। मिमी की शिकायत के अनुसार, आयोजकों में से एक व्यक्ति तन्मय शास्त्री स्टेज पर चढ़ गया। उसने मिमी की परफॉर्मेंस को बीच में रोक दिया।

मिमी ने कहा कि इस घटना से उन्हें बहुत अपमान और बुरा लगा। उन्होंने ईमेल के जरिए बनगांव पुलिस स्टेशन में लिखित शिकायत दी। दूसरी तरफ, आयोजक युवक संघ क्लब ने इन आरोपों से इनकार किया है। उनका कहना है कि मिमी तय समय से करीब एक घंटा लेट आईं। तन्मय शास्त्री ने कहा, 'कार्यक्रम की इजाजत सिर्फ आधी रात तक की थी। इलाके में छात्रों की बोर्ड परीक्षाएं होने वाली हैं, इसलिए कार्यक्रम को समय पर रोकना पड़ा। हमने मिमी का अपमान नहीं किया और न ही उन्हें परेशान किया। उनके आरोप बिल्कुल गलत हैं।' उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मिमी के बॉडीगार्ड्स ने क्लब की महिला सदस्यों के साथ बदतमीजी की, जो रात 11:45 बजे उन्हें सम्मान देने स्टेज पर आई थीं। तन्मय शास्त्री ने आगे कहा, 'हमें पता है कि मिमी एक बड़ी स्टार हैं, लेकिन अगर हम रात 12 बजे के बाद कार्यक्रम चलाते तो पुलिस खुद आकर बंद करवा देती और हम पर केस करती। अगर मिमी को कोई गलतफहमी हुई है या उन्हें बुरा लगा है, तो हम इसके लिए माफी मांगते हैं।' पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। मिमी चक्रवर्ती एक भारतीय बंगाली अभिनेत्री, गायिका और पूर्व राजनीतिज्ञ हैं।

हॉलीवुड मसाला



## अभिनेत्रियों को समझा जाता है कठपुतली

लॉस एंजिल्स। बॉलीवुड में अक्सर ही अभिनेत्रियों के साथ होने वाले व्यवहार पर बहस होती है। इसको लेकर कई अभिनेत्रियों ने सवाल भी उठाए हैं। लेकिन, अब 'ट्विलाइट' फेम अभिनेत्री क्रिस्टन स्टीवर्ट ने हॉलीवुड में अभिनेत्रियों के साथ होने वाले व्यवहार पर बात की है। साथ ही उन्होंने बताया कि इंडस्ट्री में अभिनेत्रियों के साथ कठपुतलियों जैसा व्यवहार किया जाता है। क्रिस्टन स्टीवर्ट ने कहा कि इंडस्ट्री में एक्ट्रेस के साथ बहुत बुरा बर्ताव किया जाता है। मुझे आपको बताना ही होगा।



## लोलापलूजा इंडिया में मिले प्यार पर जताया आभार...

**मुंबई।** लोलापलूजा इंडिया 2026 की परफॉर्मेंस के दौरान भारत के लोगों ने ब्रिटिश कलाकार यंगब्लड को काफी प्यार दिया है। इसके बाद उन्होंने सोशल मीडिया पर भारत के लोगों का आभार जताया है। मुंबई में लोलापलूजा इंडिया 2026 की शानदार परफॉर्मेंस के बाद यंगब्लड ने अपने सभी भारतीय फैंस को धन्यवाद दिया है। ब्रिटिश कलाकार ने लोलापलूजा इंडिया के पहले दिन अपने परफॉर्मेंस से मुंबई की भीड़ को मंत्रमुग्ध कर दिया। परफॉर्मेंस के कुछ घंटों बाद, यंगब्लड ने अपने इंस्टाग्राम पर अपने मुंबई शो की कई तस्वीरें और वीडियो शेयर किए। इसके साथ उन्होंने एक पोस्ट लिखी। इंस्टाग्राम पर यंगब्लड ने भारत के लोगों का आभार जताते हुए एक वीडियो शेयर किया है। वीडियो में देखा जा सकता है कि वह अपने फैंस से मिल रहे हैं। फैंस उन्हें गले लगा रहे हैं।



## संजय-नीना फिर बने मिस्ट्री थ्रिलर का हिस्सा

**मुंबई।** नीना गुप्ता और संजय मिश्रा की फिल्म 'वध 2' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। इस बार फिल्म में थ्रिल डबल होने वाला है। एक बार फिर से नीना और संजय मिश्रा एक हत्या को लेकर जांच के दायरे में है। साल 2022 में फिल्म वध रिलीज हुई। छोटे बजट की इस फिल्म ने दर्शकों को चौंकाया, क्रिटिक्स ने भी फिल्म को सराहा है। फिल्म 'वध 2' के ट्रेलर में एक जेल गार्ड शंभूनाथ के रोल में संजय मिश्रा नजर आते हैं। वह जेल की एक कैदी मंजू सिंह (नीना गुप्ता) के करीब आते हैं। दोनों के बीच एक अलग तरह का रिश्ता बनता है। लेकिन इसी बीच जेल में कैदी गायब हो जाता है। वह कैदी कहां गया? उसके गायब होने से संजय मिश्रा और नीना गुप्ता के किरदारों का क्या कनेक्शन है, यही पूरी फिल्म की कहानी है। फिल्म 'वध 2' 6 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।




## वेलकम टू... की रिलीज डेट का ऐलान...

**मुंबई।** बस पांच महीने का इंतजार और फिर सिनेमाघरों में होगा धमाल! जी हां, क्योंकि 'वेलकम टू द जंगल' की रिलीज डेट सामने आ गई है। कॉमेडी फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' जून में सिनेमाघरों में दस्तक देगी। यह मल्टीस्टारर फिल्म 26 जून को रिलीज होगी। 'वेलकम' फ्रेंचाईजी की यह तीसरी किस्त है और काफी मजेदार होने वाली है। इसमें अक्षय कुमार के अलावा कई और शानदार सितारे नजर आएंगे। फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' के निर्देशन की कमान अहमद खान ने संभाली है। इसमें अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी, जैकी श्रॉफ सहित करीब 30 सितारे नजर आएंगे। रवीना टंडन, दिशा पाटनी, जैकलीन फर्नांडिस, अरशद वारसी, परेश रावल, राजपाल यादव, जॉनी लीवर, आफताब शिवदासानी, लारा दत्ता, श्रेयस तलपड़े, तुषार कपूर, और दलेर मेहंदी भी फिल्म में अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।

टीवी मसाला



## लाफ्टर शेफ 3 की विनर बनी कृष्णा और अली की टीम

**नई दिल्ली।** रियलिटी शो 'लाफ्टर शेफ 3' की विनिंग टीम सामने आ चुकी है। अली गोनी, कृष्णा अभिषेक, कश्मीरा शाह, समर्थ जुरेल, जन्नत जुबैर और अभिषेक कुमार की टीम 'कांटा' ने इस शो की ट्रॉफी अपने नाम की है। कलर्स चैनल के इंस्टाग्राम पेज पर विनर्स की घोषणा की गई है। कृष्णा अभिषेक की टीम 'कांटा' की टक्कर एल्विश यादव की टीम 'छोरी' से हुई। दोनों टीमों ने अच्छा परफॉर्म किया, बढ़िया खाना बनाया। लेकिन आखिर में विजेता कृष्णा अभिषेक की टीम बनी। इस शो में कॉमेडियन भारती सिंह बतौर होस्ट नजर आती हैं। 'लाफ्टर शेफ' के पहले के दो सीजन भी काफी पॉपुलर रहे हैं। इस शो की थीम दर्शकों को पसंद आती है। प्रतियोगी या कुछ टीम बनाकर टीवी सेलेब्स कुकिंग करते हैं। इस दौरान हंसी-मजाक का खूब तड़का लगता है। इस तरह यह शो काफी मनोरंजन से भरपूर होता है। यह शो इसी वजह से टीआरपी लिस्ट में भी जगह बनाने में कई बार कामयाब हुआ है।

## 'द 50' में मनीषा और रजत की हुई एंट्री

**नई दिल्ली।** जल्द ही टीवी पर एक नया रियलिटी शो 'द 50' आने वाला है। इस शो का हिस्सा सेलिब्रिटी कपल युविका चौधरी और प्रिंस नरुला बन रहे हैं। हाल ही में इंफ्लुएंसर मनीषा रानी और रजत दलाल की एंट्री भी इस शो में हुई है। दोनों ने अपना गेम प्लान बताया है। धीरे-धीरे 'द 50' रियलिटी शो के प्रतियोगियों के नाम सामने आ रहे हैं। हाल ही में एक प्रेस मीट के दौरान रजत दलाल और मनीषा रानी से शो के बारे में बात की। मनीषा रानी ने कहा, 'हम जहां खड़े हो जाते हैं, लाइन वहीं से शुरू होती है।'वह इस रियलिटी शो को लेकर काफी एक्साइटेड दिख रही हैं। वहीं रजत दलाल ने भी कहा कि वह शो में फरमाइश नहीं करने जा रहे हैं, वह गेम खेलने जा रहे हैं। इस तरह यह दोनों ही प्रतियोगी 'द 50' रियलिटी शो को खेलने के लिए तैयार नजर आ रहे हैं। रजत दलाल और मनीषा रानी के अलावा फिल्म एक्ट्रेस युविका चौधरी भी 'द 50' की प्रेस मीट में नजर आईं। वह कई साल बाद किसी रियलिटी शो का हिस्सा बन रही हैं।



## 'आशिकों की कॉलोनी' में थिरकते नजर आए शाहिद, दिशा ने लगाई आग



**मुंबई।** शाहिद कपूर की अपकमिंग फिल्म ओ रोमियो इन दिनों चर्चा में है। मंगलवार को इस फिल्म का नया गाना 'आशिकों की कॉलोनी' रिलीज हुआ। इस गाने में शाहिद कपूर और दिशा पाटनी का अंदाज पर फैंस फिदा हो गए। विशाल भारद्वाज की अपकमिंग फिल्म 'ओ रोमियो' 13 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होनी है। इस फिल्म का ट्रेलर जब से रिलीज हुआ है, तब से सोशल मीडिया पर 'ओ रोमियो' चर्चा का विषय है। अब इस फिल्म का नया गाना भी ट्रेंड कर रहा है। 'आशिकों की कॉलोनी...' गाने में दिशा पाटनी ने आइटम डांस किया है। साथ ही शाहिद कपूर भी अपनी डांसिंग स्किल दिखाते नजर आ रहे हैं। 'आशिकों की कॉलोनी...' गाने में दिशा पाटनी के साथ शाहिद कपूर गजब का डांस कर रहे हैं। गाने में एक जगह वह माइकल जैक्सन की पॉपुलर डांस स्टेप 'मून वॉक' को करते नजर आए। डांस करते हुए शाहिद कपूर की एनर्जी देखने लायक है। इस गाने के संगीतकार विशाल भारद्वाज हैं। गीतकार गुलजार ने इस गाने को लिखा है। गाने में मधुबंती बागची और जावेद अली की आवाज है। 'आशिकों की कॉलोनी...' गाने के म्यूजिक अरेंजर और प्रोड्यूसर मेघदीप बोस हैं। 'ओ रोमियो'का निर्देशन विशाल भारद्वाज ने किया है। फिल्म में शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी के अलावा नाना पाटेकर, विक्रांत मैसी, तमन्ना भाटिया, दिशा पाटनी, अविनाश तिवारी और फरीदा जलाल जैसे एक्टर्स अहम किरदारों में नजर आएंगे।

## बैटल ऑफ गलवान के सेट पर लौटे सलमान

*सलमान खान की अपकमिंग वॉर फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' का टीजर पिछले साल उनके जन्मदिन, 27 दिसंबर को जारी किया गया था। इसी के साथ फिल्म की रिलीज डेट को लेकर भी अनाउंसमेंट किया गया। दिसंबर में फिल्म की शूटिंग पूरी हो गई थी। खबरों के मुताबिक सलमान अब एक एक्स्ट्रा शूटिंग के लिए सेट पर लौट आए हैं।*

**मुंबई।** सलमान खान, निर्देशक अपूर्व लखिया और पूरी टीम फिल्म के लिए अब पैचवर्क के काम में जुट रहे हैं। इसके अलावा वे कुछ नए सीन भी जोड़ रहे हैं, जिनमें से कुछ में एक्शन सीन भी शामिल है। रिपोर्ट के मुताबिक, ये 15 दिनों का शेड्यूल है और पैचवर्क पहले से ही तय था। खबर है कि एडिशनल शूटिंग इसलिए हुई, क्योंकि फिल्म के मेकर्स और सलमान को लगा कि ये सीन कहानी के लिए बेहद महत्वपूर्ण है और इनसे फिल्म का प्रभाव बढ़ेगा। सलमान कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते और यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि 'बैटल ऑफ गलवान' दर्शकों के लिए एक शानदार अनुभव साबित हो। इसी के चलते उन्होंने एडिशनल शूटिंग के लिए सहमति दी।

फिल्ममेकर्स को पूरा भरोसा है कि फिल्म 17 अप्रैल को तय रिलीज डेट से काफी पहले तैयार हो जाएगी। वहीं, फिल्म का पहला गाना 'मातृभूमि' हाल ही में 24 जनवरी को रिलीज हुआ था। इस फिल्म में लीड रोल में सलमान खान और चित्रांगदा सिंह लीड रोल में हैं। फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' कर्नल बिक्कुमल्ला संतोष बाबू की कहानी है और इस भूमिका को पर्दे पर जीते दिखेंगे सलमान खान। 15 जून, 2020 के तनावपूर्ण बैकग्राउंड पर बेस्ड ये फिल्म 'कोविड-19' महामारी के दौरान गलवान घाटी में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच हुए वीर संघर्ष की कहानी बयां करती है।



### आलीशान बंगला, लग्जरी गाड़ियां सब बिक गईं

# भारत भूषण को जुनून ने बनाया राजा से रंक!

*नई दिल्ली। हिंदी फिल्म इंडस्ट्री चमक-दमक की दुनिया है। इसने किसी को रंक से राजा बनाया तो कभी राजा बनाकर सबकुछ छीन भी लिया। एक ऐसे ही एक्टर थे भारत भूषण। जो अपने पिता की मर्जी के खिलाफ एक्टर बने। 10 साल के संघर्ष के बाद स्टारडम मिला। जब पैसा, शोहरत सब मिल गया तो एक फैसले ने उन्हें वापस फर्श पर लाकर पटक दिया। आप शायद ही जानते होंगे कि 'आशीर्वाद' बंगला इन्हीं का था, जिसे राजेंद्र कुमार और राजेश खन्ना दोनों ने खरीदा था। और ये बंगाल शापित माना जाता है। कहते हैं कि जैसे ही ये तीनों स्टार्स इस घर में आए, इनका बुरा समय शुरू हो गया। भारत भूषणगुप्ता। जिन्हें भारत भूषण के नाम से जाना गया। 14 जून 1920 में मेरठ, उत्तर प्रदेश में उनका जन्म हुआ, लेकिन परवरिश अलीगढ़ में हुई। उनके पिता रायबहादुर मोतीलाल मेरठ के सरकारी वकील और इलाहाबाद में सुप्रीम कोर्ट के जज थे। भारत का एक बड़ा भाई भी था। जब वो दो साल के थे, तब मां का निधन हो गया। इसके बाद वो अपने नाना के पास अलीगढ़ चले गए थे। वहीं पर ग्रेजुएशन तक की पढ़ाई की।*



### एक्टिंग के खिलाफ थे भारत के पिता

भारत के बड़े भाई फिल्म प्रोड्यूसर और हाई कोर्ट जज रमेश चंद्र गुप्ता थे, जिनका लखनऊ में आइडियल स्टूडियो था। पढ़ाई के बाद उन्होंने पिता की मर्जी के खिलाफ जाकर एक्टिंग शुरू की। सिनेमा में काम करने के लिए पहले वो कोलकाता गए। बाद में मुंबई का रुख किया।

### डेब्यू मूवी

भारत भूषण ने 1941 में सुपरहिट फिल्म 'चित्रलेखा' में छोटा सा किरदार निभाकर अपने कॅरियर की शुरुआत की थी। पर केदार शर्मा की सुपरहिट फिल्म में काम करने के बावजूद उनका कॅरियर आगे नहीं बढ़ पाया। वो उनकी एक और फिल्म 'सुहाग रात' में भी नजर आए थे। पर उनकी बाकी फिल्में कमर्शियली अच्छा परफॉर्म नहीं कर पाईं।

### 11 साल बाद मिला स्टारडम

साल 1952। विजय भट्ट की 'बैजू बावरा' में वो लीड रोल में नजर आए। फिल्म ब्लॉकबस्टर रही और भारत भूषण भरोसेमंद स्टार बन गए। इसी साल 'मां' और 'आनंद मठ' जैसी सफल फिल्मों में उनके स्टारडम को मजबूत कर दिया। 1953 में 'लड़की' के साथ एक और ब्लॉकबस्टर दी। ये उस साल की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फइल्म थी, जिसमें वैजयंतीमाला, किशोर कुमार और अंजलि देवी थीं।

### 10 साल में 35 फिल्में

1941 में चित्रलेखा फिल्म से शुरुआत की। 1942 से 1950 तक भक्त कबीर, भाईचारा, सुहाग रात, उधार, भाई बहन जैसी फिल्मों में नजर आए। 1951 से 1960 तक, 10 साल में 35 फिल्में कीं, जिनमें बैजू बावरा, मां, आनंद मठ, लड़की, कवि, मिर्जा गालिब, अमानत, कल हमारा है, घूंघट, बरसात की रात जैसी फिल्में शामिल हैं।

### प्रोड्यूसर भी बने

1961 में कोई फिल्म नहीं रिलीज हुई। 1962 से 1980 तक 19 फिल्मों में नजर आएं। अब तक वो स्क्रिप्ट भी लिखने लगे थे और प्रोड्यूसर भी बन गए थे। 1991 में 'सौ करोड़' में उन्होंने पिता का रोल निभाया था, वो भी कैमियो में। उनकी मौत के बाद 1992 और 1993 में हमशक्ल और आखिरी चेतावनी रिलीज हुई थी।

### बेचना पड़ा आशीर्वाद बंगला

भारत भूषण का बॉम्बे के बांद्रा इलाके में एक बंगला था। इसका नाम 'आशीर्वाद बंगला' था। कहते हैं कि भाई के कहने पर भारत भूषण ने जब प्रोडक्शन की दुनिया में कदम रखा तो उन्हें बहुत नुकसान हुआ। उनकी सिर्फ दो फिल्में सफल रहीं, बाकी फ्लॉप हो गईं। उन्हें अपना बंगला बेचना पड़ा। इसे उन्होंने राजेंद्र कुमार को बेचा। बाद में राजेंद्र कुमार ने राजेश खन्ना को बेचा था। इस तरह से ये बंगला 3 फेमस फिल्म स्टार्स का घर रहा।

### *रामायण में बने तुलसीदास*

*भारत भूषण को रामानंद सागर की 'रामायण' में भी देखा गया था। उन्होंने गोस्वामी तुलसीदास का किरदार निभाया था।*

### *मेरठ में हुई थी शादी*

*पर्सनल लाइफ की बात करें तो उन्होंने मेरठ के जाने-माने परिवार और जमींदार की बेटी सरला से शादी की थी। उनकी दो बेटियां थीं- अनुराधा और अपराजिता। अनुराधा को पोलियों से जुड़ी दिक्कतें थीं। भारत की पत्नी सरला की 1960 में दूसरे बच्चे को जन्म देते वक्त लेबर कॉम्प्लिकेशन के कारण मौत हो गई।*

### *दूसरी शादी*

*इसके बाद 1967 में भारत भूषण ने दूसरी शादी की। उन्होंने एक्ट्रेस रत्ना से ब्याह रचाया, जो 'बरसात' में उनकी को-स्टार थीं। भारत की बेटी अपराजिता ने भी फिल्मों में काम किया। पति की अचानक मौत के बाद उन्होंने एक्टिंग में कदम रखा था। वो रामायण में मंदोदरी बनी थीं।*

## मॉडल संस्कृति स्कूल में मनाया उपमंडल स्तरीय कार्यक्रम

# स्वतंत्रता सेनानियों ने भारत में पूर्ण स्वराज के लिए लम्बे समय तक किया संघर्षः विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में विधायक ओमप्रकाश यादव ने बतौर मुख्यातिथि राष्ट्रीय ध्वज फहराया व परेड की सलामी ली। उन्होंने समारोह से पहले शहीद स्मारक पर नमन किया। समारोह में उन्होंने उत्कृष्टकार्य करने वाले नागरिकों को सम्मानित भी किया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों ने भारत में पूर्ण स्वराज के लिए लम्बे समय तक संघर्ष किया है। मुख्य अतिथि ने समारोह में शामिल हुए स्वतंत्रता सेनानियों व शहीद सैनिकों के परिजनों, युद्ध वीरांगनाओं, सेना मेडल धारकों को शॉल भेंट कर सम्मानित किया। सांस्कृतिक गतिविधियों में पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय प्रथम, बीजेआरडी स्कूल द्वितीय व एसपीजी स्कूल डुलाना तृतीय स्थान पर रही। मार्च पास्ट में आरपीएस स्कूल खातोद की बैंडटीम ने प्रथम, राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल की एनसीसी की टुकड़ी ने द्वितीय व हरियाणा पुलिस की टुकड़ी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। झाकियों में राजकीय औद्योगिकी प्रशिक्षण संस्थान प्रथम, वन विभाग द्वितीय व कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की झांकी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर जज प्रदीप कुमार, एसडीएम कनिका गोयल, डीएसपी दिनेश कुमार, नगर पालिका चेयरमैन रमेश सैनी, एलसी गोयल, तहसीलदार अजय कुमार, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी मनोज कुमार, नगर पालिका सचिव गौरव, एसडीएम कनिका गोयल की माता नीलम गोयल व पिता एलसी गोयल, नारनौल व्यापार मंडल अध्यक्ष वैद्यकिशन वशिष्ठ व दीपक तंवर मौजूद रहे।


महेंद्रगढ़। मार्च पास्ट की सलामी लेते मुख्यातिथि। फोटो : हरिभूमि


नारनौल। समिति सदस्य कृष्ण यादव को सम्मानित करते मंत्री राव नरबीर सिंह।

### श्रीकृष्ण स्कूल भुंगारका की टीम प्रथम

नारनौल। नांगल चौधरी महिला कॉलेज में 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्रीकृष्ण सीनियर सैकेण्डरी स्कूल भुंगारका की समूह गायन व नृत्य टीम ने सब डिविजन लेवल पर प्रथम स्थान हासिल किया। इस उपलब्धि पर प्राचार्य वेदपाल यादव व चेयरमैन एडवोकेट राजपाल यादव ने सभी विजेता प्रतिभागियों को बधाई दी।

## माता सती वेलफेयर समिति गहली को किया सम्मानित

नारनौल। जिला स्तरीय 77वां गणतंत्र दिवस समारोह सोमवार को मनाया गया। इसमें उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। समारोह के दौरान सामाजिक, पर्यावरण व रक्तदान में अहम योगदान देने पर माता सती वेलफेयर समिति गहली नारनौल को मंत्री राव नरबीर सिंह ने सम्मानित किया। गौरतलब है कि माता सती वेलफेयर समिति गहली के अध्यक्ष सिकंदर गहली व उनकी टीम ने सामाजिक कार्यों में अपनी अलग ही पहचान जिलेभर में बनाई हुई है। उनकी टीम की ओर से अब तक करीब 18 रक्तदान शिविर में 3850 यूनिट रक्त दिलवाकर मरीजों की सहायता की है। पर्यावरण की जहां तक बात है, समिति ने अपने खर्चे पर सैकड़ों पौधों को पेड़ का रूप दिलाकर क्षेत्र को हरा भरा करने में अहम भूमिका निभाई है। यही नहीं, गोसेवा में अनगिनत प्रयास किए जा रहे है। यह सिलसिला अब भी निरंतर जारी है। इसी उपलब्धि के कारण जिला प्रशासन ने इस संस्था का नाम चिन्हित किया और समिति को यह सम्मान दिया। गणतंत्र दिवस समारोह में समिति का यह सम्मान संस्था सदस्य कृष्ण यादव नीरपुर ने ग्रहण किया। इस दौरान उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार, एसपी पूजा वशिष्ठ, नगराधीश डॉ. मंगल सेन, नगर परिषद चेयरपर्सन कमलेश सैनी सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## अनुशासन व मेहनत से आगे बढ़ेंः विजयपाल



महेंद्रगढ़। बीएनडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 77वें गणतंत्र दिवस पर देशभक्ति, उत्साह एवं अनुशासन से भरपूर कार्यक्रम आयोजित किया गया। मैनेजिंग डायरेक्टर अमित यादव ने मुख्यातिथि रहे। ध्वजारोहण के दौरान विद्यालय परिसर में राष्ट्रभक्ति का वातावरण देखने को मिला। विद्यार्थियों द्वारा शानदार परेड प्रदर्शन किया गया और तिरंगे को सलामी दी। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की श्रृंखला आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। प्रिंसिपल हनुमंत शर्मा एवं चेयरमैन विजयपाल यादव ने कहा कि हमें अपने संविधान का सम्मान करते हुए ईमानदारी, अनुशासन और मेहनत के साथ आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को अच्छे नागरिक बनने, समाज व राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारियां निभाने और देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।

## राव सुल्तान में मनाया गणतंत्र दिवस



महेंद्रगढ़। राव सुल्तान सिंह मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल निम्बहेड़ा में गणतंत्र दिवस बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। संस्था निदेशक एडवोकेट सतपाल यादव मुख्यातिथि और अध्यक्षता प्राचार्य राजकुमार शर्मा ने की। विशिष्ट अतिथि चेयरपर्सन सुषमा यादव रही। मुख्यातिथि ने ध्वजारोहण किया और बच्चों द्वारा उनको परेड की सलामी दी गई। उन्होंने अपने संबोधन में 77वें गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उपप्राचार्य रामकुमार, किड्स हैड स्नेहलता, कर्ण सिंह निम्बल, पुरुषोत्तम, मोनिका, मनीषा, रेणू उपस्थित रहे।

## आरआरसीएम स्कूल में गणतंत्र दिवस मनाया



कनीना। आरआरसीएम पब्लिक स्कूल में 77वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण के साथ हुआ, जिसके उपरांत राष्ट्रगान गाया गया। विद्यालय परिसर देशभक्ति के रंग में सराबोर नजर आया। चेयरमैन रोशनलाल यादव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए संविधान के महत्व, राष्ट्रीय एकता और अनुशासन पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्रों से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने मनमोहक कविता, देशभक्ति नृत्य, तथा देशभक्ति गीतों की एकल व सामूहिक प्रस्तुतियां दी। प्रधानाचार्य हरिप्रकाश ने अपने संबोधन में गणतंत्र दिवस के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को नैतिक मूल्यों, कर्तव्यनिष्ठा और परिश्रम के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया।

## हैप्पी स्कूल में ध्वज फहराकर ली परेड की सलामी



महेंद्रगढ़। हैप्पी एवरग्रीन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 77वें गणतंत्र दिवस देशभक्ति कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय ध्वज फहराने के साथ हुई, जिसके उपरांत तिरंगे को सलामी देने के लिए विद्यालय में परेड निकाली गई। उप-संचालिका कौशल्या अग्रवाल मुख्यातिथि तथा अध्यक्षता प्रबंध निदेशक मनीष अग्रवाल एवं मैनेजर चंचल अग्रवाल ने की। मंच संचालन कुलदीप शर्मा ने किया। विद्यालय के नन्हे-नौनिहालों ने तिरंगे को सलामी देते हुए आकर्षक मार्च पास्ट प्रस्तुत किया। इसके पश्चात कक्षा नौवीं की छात्रा दिव्या एवं छात्र ऋतिक ने देशभक्ति से ओत-प्रोत प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत किए।

## खबर संक्षेप

### आरपीएस में गणतंत्र दिवस बड़े हर्षोल्लास से मनाया

महेंद्रगढ़। आरपीएस विद्यालय खातोद में 77वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान सतबीर बोहरा, राजेन्द्र यादव व वीएन शर्मा ने विद्यालय परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया व सभी को गणतंत्र दिवस की बधाई दी तथा देश के महान शहीदों, स्वतंत्रता सेनानियों व राष्ट्रभक्तों को याद किया। इस दौरान विद्यालय के बच्चों ने देशभक्ति से ओतप्रोत अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विद्यालय की एनसीसी व एनएसएस की टीम ने मार्च पास्ट किया। आरपीएस की बैंड टीम ने भी भव्य प्रस्तुति दी। उआरपीएस की बैंड टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर किया।

### देवयानी स्कूल में मनाया गणतंत्र दिवस समारोह

महेंद्रगढ़। देवयानी इंटरनेशनल स्कूल बेवल के बच्चों ने गणतंत्र दिवस मनाया। विद्यार्थियों ने मार्चपास्ट के साथ सलामी दी। ऑपरेशन सिंदूर पर निशा यादव ने अपनी टीम के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम में नाटक प्रस्तुत किया। मां तुझे सलाम गीत पर नव्या और उसकी टीम ने सुंदर नृत्य कर सबको मंत्रमुग्ध किया। दूसरी कक्षा से मायरा, जितांशी, अनिका, वंशिका ने ग्रुप के साथ वक्त बदल देंगे गीत पर नृत्यकर खूब वाह वाह लूटी। चेयरमैन सुनील कुमार ने बच्चों में देश भक्ति की भावना जगाने के लिए स्वतंत्रता सेनानियों की जीवनी पढ़ने पर बल दिया।

### सूरज स्कूल में गणतंत्र दिवस पर लड्डू बांटे

महेंद्रगढ़। सूरज स्कूल में 77वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। निदेशक संदीप प्रसाद यादव द्वारा ध्वजारोहण किया और लड्डू बांटे गए। ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रगान गाया गया। तत्पश्चात विद्यालय के अनुशासन इंचार्ज ओमप्रकाश एवं शारीरिक शिक्षक जयराम और जितेन्द्र के नेतृत्व में बैंड के साथ मार्च पास्ट निकाला और राष्ट्रध्वज को सलामी दी। मुख्यातिथि संदीप प्रसाद ने कहा कि देश की आजादी के बाद भारत के संविधान को आज के दिन ही लागू किया गया था। आज का दिन हमें याद दिलाता है कि यह स्वतंत्रता असंख्य बलिदानों के बाद मिली है।

### यदुवंशी स्कूल में गणतंत्र दिवस मनाया

महेंद्रगढ़। यदुवंशी स्कूल में गणतंत्र दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण से हुई, जहां चेयरमैन एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह व सतबीर झूकिया, इंजीनियर जगमोहन, मनमोहन व गणमान्य लोगों की उपस्थिति में तिरंगा फहराया गया। इसके पश्चात सभी विद्यार्थियों व स्टाफ सदस्यों ने राष्ट्रगान गाकर देश के प्रति अपनी निष्ठा प्रकट की। इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति गीत, भाषण, नृत्य, कविता पाठ एवं नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

### ज्ञानकोष स्कूल में मनाया गणतंत्र

महेंद्रगढ़। गांव खरकड़ा आकोदा स्थित ज्ञानकोश ए ग्लोबल स्कूल में गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय सीईओ राकेश कुमार व प्राचार्य रामनिवास ने तिरंगा झंडा फहराकर की। इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति गीत, भाषण, नृत्य, कविता पाठ एवं नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सीईओ राकेश कुमार ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमें हमारे संविधान की शक्ति और कर्तव्यों की याद दिलाता है। प्राचार्य रामनिवास ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे संविधान की मर्यादाओं का पालन करेंगे।

### एमआर स्कूल अटेली में गणतंत्र दिवस मनाया

नारनौल। अटेली स्थित एमआर पब्लिक स्कूल में गणतंत्र दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन सियाराम यादव, वाइस चेयरमैन वीरेंद्र यादव व प्राचार्य मनोज कुमार ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अनेक कार्यक्रम प्रस्तुत कि, जो देशभक्ति की भावना से ओत प्रोत रहे। विद्यार्थियों ने तिरंगे की वेशभूषा पहनकर सारे विद्यालय के वातावरण को तीन रंग में रंग दिया। जिससे सभी विद्यार्थियों में जोश देखने को मिला। इन कार्यक्रमों में देशभक्ति भरे गीत, कविता, भाषण, नृत्य, गजल आदि कार्यक्रम शामिल रहे। चेयरमैन सियाराम यादव ने बताया कि सच्ची देशभक्ति अपने कार्य को समर्पण भाव से पूरा करने में है, इसलिए हमें अपने कर्तव्यों व कार्यों को निष्ठापूर्वक पूरा करने में विश्वास रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज हम जिस खुली हवा में सांस लेकर अपने पथ पर अग्रसर हैं, वह


नारनौल। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बच्चे। फोटो : हरिभूमि



### बीकेएन स्कूल में मनाया गणतंत्र दिवस

नारनौल। बाबा खेतानाथ स्कूल सिहमा में गणतंत्र दिवस पर बच्चों ने शानदार प्रस्तुति दी। संस्था के चेयरमैन विजय सिंह व प्राचार्य राजेश ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर बच्चों ने देश भक्ति गीतों पर अपनी शानदार प्रस्तुतियां दी। बच्चों ने देशभक्ति नाटक प्रस्तुत किए। सभी बच्चों ने खूब तालियां बजाई। इस अवसर पर मेरिट प्राप्त करने वाले 10वीं व 12वीं के छात्र-छात्राओं, खेलकूद प्रतियोगिता में सफल रहे छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। संस्था के प्राचार्य ने संविधान गीत प्रस्तुत किया। गणतंत्र दिवस पर उपप्राचार्य ने एंकर की भूमिका निभाई।

### सरस्वती स्कूल में मनाया गणतंत्र दिवस समारोह

नांगल चौधरी। सरस्वती सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 77 वां गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास से मनाया गया। जिसकी अध्यक्षता प्राचार्या वंदना यादव ने की। जिसमें संस्था के प्रबंधक निदेशक अमित यादव मुख्य रूप से मौजूद रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को शहीदों की जीवनी व संविधान की उपयोगिता से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि अनगिनत शहीदों के बलिदान से देश स्वतंत्र हो गया था, लेकिन स्वदेशी संविधान तैयार करने की समस्या बनी हुई थी। तत्कालीन सरकार ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के नेतृत्व में कमेटी का गठन किया। जिसने दो साल 11 महीने व 18 दिन में एक संतुलित संविधान तैयार किया, जिसे 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया।


नांगल चौधरी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि


नारनौल। ध्वजारोहण करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### जेजेपी कार्यालय में मनाया गणतंत्र दिवस

नारनौल। जेजेपी कार्यालय में गणतंत्र दिवस समारोह उत्साह व देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान पार्टी के जिला प्रधान राजकुमार खातोद व पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रगान गाया गया और संविधान निर्माताओं को श्रद्धापूर्वक याद किया गया। जिला प्रधान राजकुमार खातोद ने कहा कि भारतीय संविधान देश की एकता, अखंडता और लोकतंत्र की मजबूत नींव है, जिसे बनाए रखना हर नागरिक का कर्तव्य है। इस मौके पर जिला प्रवक्ता विजय छिलरो, हरचंद मास्टर, रामकुमार, अशोक सैनी, सुरेन्द्र, संदीप भाखर, प्रमोद ताखर, कृष्ण, माड़ूराम, वीरेंद्र, बजरंग गुर्जर, बहादुर, महेंद्र शारदा खन्ना, नरेश खालड़ा, अधिवक्ता सुशील सहरावत आदि उपस्थित थे।

### सिंघानिया इंटरनेशनल स्कूल की शानदार उपलब्धि

नारनौल। सिंघानिया विश्वविद्यालय के परिसर में स्थित नर्मदा देवी सिंघानिया इंटरनेशनल स्कूल पचेरी बड़ी के विद्यार्थियों ने उपखंड बुहाना में आयोजित मार्च पास्ट प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सर्वश्रेष्ठ बैंड ग्रुप का पुरस्कार प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। यह सम्मान विद्यार्थियों को उप-खंड अधिकारी सुप्रिया एवं विधायक श्रवण कुमार द्वारा प्रदान किया गया। इस उपलब्धि में बैंड ग्रुप में शामिल विद्यार्थियों देवांश, मैक्स, प्रदीप, साहिल, प्रिंस, अर्जुन, कार्तिक, सतेंद्र, अभिषेक, केशव, सुमित, सुमेश, आकाश, चेतन एवं पुनीत ने अनुशासन, तालमेल एवं समर्पण के साथ शानदार प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्य डॉ. विजय कुमार ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा विद्यालय में दी जा रही समग्र एवं संस्कारयुक्त शिक्षा का प्रतिफल है।

**सूचना**

मैं, कुन्दनलाल पुत्र श्री डालुराम निवासी वार्ड नंबर 13, महेन्द्रगढ़, तहसील व जिला महेन्द्रगढ़ बयान करता हूं कि मेरा पुत्र शुभम व पुत्रवधु कोमल मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**OFFICE OF THE PRINCIPAL GOVT. COLLEGE FOR WOMEN, NARNAUL**

**Tender Notice**

Tender is hereby invited for cleaning of premies and housekeeping etc. Service in Govt. College for Women, Narnaul from the interested and eligible tenders/ service Cooperative L&C Societies (Approved by Govt. of Haryana) having at least three year experience in similar service in prescribed from. Interested Tender/Service Cooperative L&C Societies can collect tender forms from the Office of Govt. College for Women, Narnaul on any working day between 09-00 a.m. to 04.00 p.m. by paying 500/- (Payable Through demand draft/Cheque of any nationalized bank drawn in favor of Principal Govt. College for Women, Narnaul). all terms and condition will be attached with the form.

Last date of receipt of sealed tender document :- 09.02.2026 upto 04.00 PM

Date of opening of tender :- 10.02-2026 at 01.00 PM

# मंडलाना में कल होगा शहीद जगमाल सिंह की मूर्ति का अनावरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

निकटवर्ती गांव मंडलाना में 29 जनवरी को प्रातः 11 बजे अमर शहीद नायब सूबेदार जगमाल सिंह की प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह होंगे। अध्यक्षता पूर्व मंत्री एवं विधायक ओमप्रकाश यादव करेंगे।

वहीं मुख्य रागिनी कलाकार नरेंद्र बेनीवाल अपनी ओजस्वी प्रस्तुतियों के माध्यम से वीर रस और देशभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुंचाएंगे। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में सेवानिवृत्त मेजर जनरल जीएच ग्रेवाल (वीएसएम), सेवानिवृत्त मेजर जनरल एके धर



तथा कर्नल महेंद्र सिंह एसएम (सीओ 5 पैरा, श्री लंका ऑपरेशन) भी उपस्थित रहेंगे। बता दें कि जगमाल सिंह का जन्म 21 अक्टूबर 1947 को गांव मंडलाना में हुआ था। उनके पिता थ्याकरण भारतीय सेना में सेवारत रहे, जबकि माता शांति देवी ने उन्हें संस्कार और देशप्रेम की भावना से ओतप्रोत किया।

बचपन से ही वे अनुशासनप्रिय, साहसी और देशसेवा के प्रति समर्पित थे। मात्र 18 वर्ष की आयु में उन्होंने भारतीय सेना की पैराशूट रेजीमेंट में भर्ती होकर देश सेवा का संकल्प लिया। अपने सैन्य जीवन के दौरान उन्होंने कई महत्वपूर्ण अभियानों में भाग लिया और अद्वितीय साहस का परिचय दिया।

उनकी बहादुरी और कर्तव्यनिष्ठा के लिए उन्हें जनरल सर्विस मेडल, दीर्घ सेवा मेडल, सेना सेवा मेडल, विदेश सेवा मेडल (भूटान), 25वीं स्वतंत्रता जयंती मेडल, संग्राम मेडल सहित कई सम्मान प्राप्त हुए। शहीद जगमाल सिंह ने ऑपरेशन पवन के दौरान श्रीलंका में एलटीटीई आतंकवादी संगठन के खिलाफ लड़ते हुए असाधारण वीरता दिखाई। इस अभियान में उन्होंने आतंकवादियों के एक बड़े कमांडर को मार गिराया और दुश्मनों को भारी क्षति पहुंचाई।

## अटेली मोड़ स्थित यादव अस्पताल में लगाया रक्तदान शिविर

महेंद्रगढ़। अटेली मोड़ स्थित यादव अस्पताल में रविवार को रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ कैप्टन विजय सिंह, सुनील कुमार, सूबेदार रामौतार, मास्टर ताजवीर, सुरेश सरपंच जांजडियावास, कैप्टन जगमाल सिंह, सूबेदार कवंर सिंह, सुनील नंबरदार, प्रिंसिपल विक्रम द्वारा रिबन काटकर किया गया। यह रक्तदान शिविर अस्पताल के संचालक डॉ. केके यादव ने अपने पिता स्वर्गीय लीलाराम यादव की चतुर्थ पुण्यतिथि पर लगाया। रक्तदान शिविर में 84 लोगों ने रक्तदान किया। डॉ. केके यादव ने बताया कि रक्तदान शिविर में पुरुषों के साथ-साथ महिलाओं ने भी रक्तदान किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान बड़ा महादान है, जो हर परिस्थिति में लोगों के काम आ सकती है। डॉ. पुष्पा यादव ने बताया कि रक्तदान सबसे बड़ा महादान



होता है। यह हर जरुरतमंद व्यक्ति के काम आ सकता है। इस अवसर पर डॉ. विनोद यादव, डॉ. मेघना सिंह, सुनील, विजय, आशीष दुलोठ, विकास, राहुल खेड़ा, मनीष, मोनिका, मनीषा, पारुल, कीर्ति व लोकेश आदि उपस्थित रहे।

### गुरुकुलम स्कूल में निकाली तिरंगा यात्रा

नांगल चौधरी। दी गुरुकुलम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में गणतंत्र दिवस उत्साह पूर्वक मनाया गया। स्कूल के विद्यार्थियों ने अलसुबह गांव में तिरंगा यात्रा निकाली तथा राष्ट्रगान प्रस्तुति के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या निर्मला ने की। जिसमें फरीदाबाद के विधायक सतीश फागणा ने प्रतिभाशाली बाल कलाकारों को पुरस्कार वितरित किए। संस्था के चेयरमैन अभय सिंह गुर्जर ने बताया कि 26 जनवरी सबसे बड़ा लोकतंत्र उत्सव है। जिससे अधिकार मिलने व इस्तेमाल करने का संदेश मिलता है। विधायक सतीश फागणा ने शहीदों की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आजादी की इतिहास बलिदानों से ओतप्रोत है। इस मौके पर वाइस चेयरमैन धर्मबीर सिंह, निदेशक राजपाल यादव, डीन दरियाव सिंह आदि मौजूद रहे।

**SHIV SHIKSHA SAMITI**
E-mail: sbdcpali@gmail.com | M.: 8607575748, 01285-240801
Pali M/Garh, 6th km, From Mohindergarh, Pali

**ELECTION NOTIFICATION**

It is inform that the election of Governing body for the post of President 01, Vice President 01, General Secretary 01, Treasure 01, Teaching, Representative 02, Non Teaching Representative 01, and 02 members for the Governing Body of Sanskar Bharti Degree College for Women, Pali, Mahender Garh. Will be held as per the following schedule:

| | |
|---|---|
| Date of Nomination | 30/01/2026 |
| Date of Security of Nomination | 02/02/2026 |
| Date of Withdrawal of Nomination | 04/02/2026 |
| Date of Allotment of Symbol | 05/02/2026 |
| Date of Election | 11/02/2026 |
| Date of Declaration of Result | 11/02/2026 |

For further information contact to Returning Officer - Mr. Sandeep Yadav
Contact: 01285-240801, 8607575748, E-Mail- Sbdcpali@gmail.com

## खबर संक्षेप

### अनिल डागर और जितेंद्र यादव जिला सचिव नियुक्त

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा अनिल डागर व जितेंद्र यादव (चोटी) को जिला सचिव नियुक्त किए जाने पर कांग्रेस पार्टी के हाईकमान नेताओं सहित स्थानीय पूर्व विधायक एवं पूर्व सीपीएस राव दान सिंह का आभार व्यक्त किया है। इस नवनियुक्त पर जिला सचिव ने पार्टी नेतृत्व का धन्यवाद करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है, उसे वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाएंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी को और अधिक मजबूत बनाने के लिए वे सभी साथियों को साथ लेकर संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त करेंगे। पार्टी में युवाओं और कर्मठ कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी देना संगठन को नई दिशा देता है और इससे कांग्रेस पार्टी को आने वाले समय में मजबूती मिलेगी। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला और सभी ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी।

### सुमेर सिंह बने कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष



**कनीना।** कनीना निवासी कांग्रेस के पुराने कार्यकर्ता सुमेर सिंह चेयरमैन को जिला कांग्रेस कमेटी का उपाध्यक्ष बनाने पर मिठाई बांटकर खुशी जताई। उन्होंने अपनी नियुक्ति पर कांग्रेस पार्टी शीर्ष नेतृत्व राव नरेंद्र सिंह हरियाणा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष व जिला अध्यक्ष सतबीर झूकिया आभार जताया। इस अवसर पर कृष्ण, प्रकाश, राजकुमार आदि ने सुमेर सिंह को बधाई दी।

### जिले में धूमधाम से मनाया 77वां गणतंत्र दिवस समारोह, स्कूली बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

# जिलास्तरीय समारोह में उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

जिले में 77वां गणतंत्र दिवस समारोह गरिमापूर्ण तरीके से व धूमधाम से मनाया गया। आईटीआई मैदान में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। वहीं परेड का निरीक्षण किया तथा मार्च पास्ट की सलामी ली। विभिन्न स्कूली बच्चों ने देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए तथा पीटी व डंबल लेजियम शो का प्रदर्शन किया। 16 विभागों ने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित मनमोहक झांकियां प्रदर्शित की।

इसके अलावा उपमंडल स्तरीय कार्यक्रमों की कड़ी में महेंद्रगढ़ में पूर्व मंत्री व नारनौल विधायक ओमप्रकाश यादव, नांगल चौधरी में फरीदाबाद एनआईटी के विधायक सतीश कुमार फागना, कनीना में महेंद्रगढ़ के विधायक कंवर सिंह यादव ने मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत की तथा राष्ट्रीय ध्वज फहराया। कार्यक्रम के दौरान शहीदों के परिजनों व स्वतंत्रा सेनानियों के परिवारजनों को मुख्यातिथि ने शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया तथा आशीर्वाद ग्रहण किया। इससे पहले उन्होंने शहीद स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित कर अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि आज का यह ऐतिहासिक दिन देशवासियों को एक मजबूत राष्ट्र के रूप में आगे बढ़ने के लिए साहस और प्रेरणा देता है। इस दिन हम उन महापुरुषों को भी याद करते हैं, जिन्होंने भारत को स्वतंत्रता दिलवाने और भारतीय संविधान को लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह दिन संविधान शिल्पी डॉ. भीमराव अंबेडकर समेत सभी सभा सदस्यों को नमन करने का है। उन्होंने कहा कि देश को आजादी दिलाने के लिए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, लाला लाजपतराय, सरदार बल्लभभाई पटेल, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद जैसे महापुरुषों व स्वतंत्रता सेनानियों ने कड़ा संघर्ष किया।





**नारनौल।** जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में राष्ट्रीय ध्वज फहराते उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह। व गणतंत्र दिवस समारोह में सांस्कृतिक का कार्यक्रम पेश करते स्कूली बच्चे। फोटो : हरिभूमि

#### 10 टुकड़ियों ने लिया भाग

गणतंत्र दिवस समारोह में परेड कमांडर बैशाख बागी आईपीएस की कमान में 10 टुकड़ियों ने भाग लिया। इसमें पहले ग्रुप में पुलिस प्लाटून को पहला, एनसीसी लड़के को दूसरा, पुलिस प्लाटून महिला को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। इसी प्रकार ग्रुप दो में पहला स्थान बुलबुल प्लाटून, दूसरा स्थान कब प्लाटून व तीसरा स्थान स्काउट प्लाटून को मिला।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार, पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ, बीजेपी के जिला प्रधान डॉ. यतेंद्र राव, नगर परिषद चेयरपर्सन कमलेश सैनी आदि गणमान्य नागरिक भी मौजूद थे।

#### 16 विभागों की झांकियां प्रदर्शित

*विभिन्न विभागों ने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के लिए बेहतरीन झांकियां का प्रदर्शन किया। झांकियां में पहला स्थान स्वास्थ्य विभाग, दूसरा राष्ट्रीय सेवाएं प्राधिकरण व तीसरा स्थान शिक्षा विभाग की झांकी को मिला। इस बार गणतंत्र दिवस समारोह में जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की तरफ से भी झांकी का प्रदर्शन किया गया। इस झांकी को दूसरा स्थान मिला। इस झांकी को जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीलम कुमारी के मार्गदर्शन में तैयार किया गया। इसमें मध्यस्थता केंद्र तथा कानूनी जानकारी से संबंधित सूचना दिखाई गई थी।*



**नांगल चौधरी।** गणतंत्र दिवस पर परेड का निरीक्षण करते विधायक सतीश कुमार फागना। फोटो : हरिभूमि

### नांगल चौधरी में विधायक सतीश कुमार ने फहराया तिरंगा

**नांगल चौधरी।** उप मंडल स्तर पर नांगल चौधरी में 77वां गणतंत्र दिवस समारोह गरिमामयी व धूमधाम से मनाया। बैजनाथ चौधरी महिला महाविद्यालय नांगल चौधरी में आयोजित उप मंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में फरीदाबाद एनआईटी विधायक सतीश कुमार फागना ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इसके साथ ही उन्होंने परेड का निरीक्षण किया तथा मार्च पास्ट की सलामी ली। समारोह को भव्य रूप देने के लिए स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। बच्चों ने पीटी प्रदर्शन किया। एनआईटी फरीदाबाद विधायक सतीश कुमार फागना ने 77वें गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए कहा कि आज का यह ऐतिहासिक दिन देशवासियों को एक मजबूत राष्ट्र के रूप में आगे बढ़ने के लिए साहस और प्रेरणा देता है। परेड कमांडर पीएसआई प्रतीक कुमार ने परेड को कमान दी। मंच संचालन राजकीय महिला महाविद्यालय से प्रोफेसर डॉ. ममता शर्मा ने किया। इस मौके पर एसडीएम उदय, तहसीलदार निशा, मेजर सतीश दहिया राजकीय महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. अनिल यादव, बैजनाथ चौधरी महिला कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. अनीता तंवर, बीडीपीओ ईशान शर्मा, एसडीएम कार्यालय से उप अधीक्षक सुरेंद्र सिंह, वीरेंद्र सिंह, अशोक, बीजेपी पूर्व जिला अध्यक्ष दयाराम यादव, रमेश तंवर आदि मौजूद थे।

### कनीना में धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस



**कनीना।** पितामह कान्हा सिंह राजकीय महाविद्यालय में 77वां गणतंत्र दिवस हर्ष और उल्लास के माहौल में मनाया। महेंद्रगढ़ विधायक कंवर सिंह यादव ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। वहीं परेड का निरीक्षण किया तथा मार्च पास्ट की सलामी ली। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता के बाद से ही भारत दुनिया में एक बड़ी ताकत के तौर पर अपनी पहचान बनाने में कामयाब रहा है। इस अवसर पर सांस्कृतिक मंच पर विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, नृत्य, नाट्य, झांकियों की प्रस्तुतियां देकर एकता और राष्ट्रीय गौरव की अद्भुत झलक प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को इनाम और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। मंच संचालन शिक्षा विभाग से अंग्रेजी प्रवक्ता राजेश बालवान ने किया। परेड का नेतृत्व पीएसआई साहिल ने किया। इस मौके पर पूर्व विधायक सीताराम यादव, नगर पालिका प्रधान रिम्पी कुमारी, तहसीलदार पायल, नायब तहसीलदार अर्जुन सिंह, मार्केट कमेटी चेयरमैन जेपी कोटिया, नगर पालिका सचिव कपिल, प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार, प्राचार्य नरेश कुमार कौशिक, प्राचार्य सुनील खुडानिया, एसडीएम स्टेनो सुनील शर्मा, पवन खैरवाल उपस्थित रहे।

## सिहमा कॉलेज में शुरू हुआ एनएसएस शिविर



**नारनौल।** मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न भेंट करते हुए।

**नारनौल।** सेवा, समर्पण व सामुदायिक सहभागिता के उद्देश्य से महंत खेतनाथ राजकीय महाविद्यालय सिहमा का सात दिवसीय एनएसएस शिविर गांव अटाली में प्रारंभ हुआ। छात्र स्वयंसेवकों में सामाजिक दायित्व की भावना विकसित करने के लिए आयोजित इस शिविर का उद्घाटन ग्राम मंदिर परिसर में आयोजित समारोह में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्रख्यात शिक्षाविद् प्रो. सेवानिवृत्त बीरसिंह यादव थे। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डॉ. सुनील कुमार ने मुख्य अतिथि व अतिथियों का स्वागत किया।

उन्होंने प्रो. बीर सिंह यादव के शिक्षा व सामाजिक सेवा के क्षेत्र में योगदान की सराहना करते हुए उन्हें छात्रों के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया। शिविर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अंकित के निर्देशन में संचालित किया जा रहा है। अंत में डॉ. लक्ष्मी नारायण ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया। इस मौके पर डॉ. अरुण, दीपक, ममता, सतीश, घनश्याम, अनूप, मनीषा आदि उपस्थित रहे।

### आंधी बारिश से उखड़े सैकड़ों बिजली खंभे, फीडर व ट्रांसफार्मर करवाए जा रहे ठीक

## रिहायशी इलाकों से 33 व 66 केवी की हाइटेंशन लाइनें हटाएंगे: विज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला/नारनौल



हरियाणा के ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि प्रदेश के जिन क्षेत्रों में कालोनियां बस गई हैं और उनके ऊपर से यदि 33 केवी या 66 केवी की बिजली की तारें जा रही हैं तो उनको हटाने की कोशिश की जा रही है। इसके अलावा गत दिनों आई तेज हवाओं व बारिश के चलते उखड़े हुए खंभों व प्रभावित हुए फीडर व ट्रांसफार्मरों को ठीक किया जा रहा है। उन्होंने उक्त जानकारी तेजली खेल परिसर में आयोजित जिलास्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए दी। ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि मकान के ऊपर से तार जाने के संबंध में यह देखा जाता है कि पहले तार डाली है या पहले मकान बना है। यदि मकान बाद में बना है तो तार हटवाने का एस्टीमेट जमा करवाना पड़ता है। विज ने कहा कि वैसे मैं कहीं पर भी बिजली को रुकने नहीं देता हूं और इस संबंध में मैं खुद इसकी निगरानी रखता हूं।

#### कांग्रेस विदेशी सोच की पार्टी: ऊर्जा मंत्री

ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह जीत का कारवां लगातार चलता ही जा रहा है और यह आगे भी चलता ही रहेगा। उन्होंने राहुल गांधी के प्रशिक्षण कार्यक्रम में आने को लेकर कहा कि राहुल गांधी यहां पर प्रशिक्षण देने आए हैं, लेकिन मैं यह कहना चाहता हूं कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी को जानकारी केवल चुनाव हरवाने की है। विदेशी तो कांग्रेस है और कांग्रेस का जन्म एक अंग्रेज अधिकारी 1885 में एओ हयूम ने किया था। अगर राहुल गांधी यह कहते हैं कि वह बाहर चले गए तो तुम भी बाहर चले जाओगे और यहां पर केवल भाजपा का ही राज रहेगा।

## मुनादी कराने पर भी सिहमा ग्राम सभा का पूरा नहीं हो पाया कोरम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली



**मंडी अटेली।** सिहमा में अंतिम तीसरी ग्रामसभा में बैठक में उपस्थित ग्रामीण।

ग्राम पंचायत सिहमा में अंतिम तीसरी ग्रामसभा की बैठक ग्रामीणों की पर्याप्त उपस्थिति न होने के कारण स्थगित करनी पड़ी है। बैठक सरपंच सुमन देवी की अध्यक्षता में ग्राम सचिवालय में तय थी। पंचायत स्तर पर चौकीदार की मुनादी के माध्यम से ग्रामीणों को सूचना दी गई। फिर भी ग्रामीण अपेक्षित संख्या में ग्रामीण नहीं पहुंचे। नए पंचायती राज नियम के अनुसार ग्रामसभा की पहली बैठक की कार्यवाही शुरू करने के लिए कुल मतदाताओं का कम से कम 40 फीसदी उपस्थिति होना अनिवार्य है। दूसरी बैठक में 30 फीसदी, जबकि अंतिम तीसरी बैठक में 20 फीसदी ग्रामीणों की मौजूदगी जरूरी होती है। हालांकि यह नियम सिहमा खंड की अन्य पंचायतों की ग्राम सभा बैठकों में लागू होता नजर नहीं आया। हालांकि कुछ गांवों में लोग इकट्ठा हुए मगर उनकी संख्या 15 या 20 से ऊपर नहीं गई। पंचायत विभाग से भी अधिकारी मौके पर पहुंचे। यहां घंटों लोगों का इंतजार कर उन्हें बैरंग लौटना पड़ा। लोग ग्रामसभा बैठक में रूचि नहीं दिखाई दे रहे हैं। वहीं सिहमा की सरपंच सुमन देवी ने बताया कि ग्राम सभा के आयोजन की सूचना सोशल मीडिया व मुनादी के माध्यम से भी दी। ग्राम सभा के दौरान लोग नहीं पहुंच रहे हैं। वहीं आज सांसद एवं विधायक भी 40 प्रतिशत लोग इक्ट्ठा नहीं कर सकते।

उनका मानना है कि सरकार को इस फैसले पर पुनर्विचार करना चाहिए, क्योंकि इन दिनों सर्दी और शीत लहर भी एक बड़ी वजह है, जिसके चलते लोग घरों से बाहर नहीं निकलना चाहते।

## डॉः नीरज यादव ने की बिना दहेज शादी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| निजामपुर

मौखुता निवासी डॉ. नीरज यादव पुत्र कृष्ण कुमार ने बिना दहेज शादी करके युवाओं को सामाजिक कुरीतियां मिटाने का संदेश दिया है। शादी समारोह में बेटियों को शिक्षित और सक्षम बनाने के लिए प्रेरित किया। जिससे समाज में फैली विभिन्न बुराइयों पर अंकुश लग सकेगा। दुल्हे के चाचा राव दारासिंह सरपंच ने बताया कि डॉ. नीरज यादव ने एमबीबीएस करने के बाद एमडी परीक्षा उत्तीर्ण किया है। वर्तमान में सुपर स्पेशलिटी कोर्स की तैयारी कर रहे हैं। बीते महीने महेंद्रगढ़ जिला परिषद के वार्ड तीन के पार्षद संतोष यादव की पौत्री डॉ. अलका यादव से रिश्ता हुआ था। डॉ. अलका यादव राजीव गांधी कैंसर अस्पताल दिल्ली में सेवाएं दे रही हैं। दोनों ही चिकित्सक होने के बावजूद उन्होंने दिखावे व सामाजिक दबाव से दूर रहकर सादगी को प्राथमिकता दी। इस अवसर पर डॉ. नीरज यादव ने कहा कि दहेज प्रथा समाज को भीतर से कमजोर कर रही है। कुरीतियों को मिटाने के लिए युवाओं को जागरूकता अभियान शुरू करना होगा। विवाह समारोह में मौजूद लोगों ने दहेज रहित की खुलकर सराहना की। उल्लेखनीय है कि डॉ. नीरज यादव के चाचा राव दारासिंह भी लंबे समय से दहेज शादी व अन्य सामाजिक बुराइयों के खिलाफ आवाज उठाते रहे हैं, जिसका प्रभाव परिवार की सोच में स्पष्ट रूप से दिखाई देता है।



**निजामपुर।** दहेज रहित शादी में वर वधू को आशीर्वाद देते परिजन।

## यूजीसी के नए बिल को निरस्त करने की मांग



**कनीना।** स्वास्थ्य मंत्री को ज्ञापन सौंपते महासभा के सदस्य।

**कनीना।** यूजीसी नियमों में किए गए बदलाव से पैदा होने वाले दुष्परिणाम को लेकर मंगलवार को अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव को ज्ञापन सौंपकर यूजीसी बिल को निरस्त करने की मांग की है। हरिसिंह राजपूत, अतरलाल आदि ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि यूजीसी की ओर बीती 13 जनवरी को लागू किया गया नया बिल विशेष रूप से सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों के खिलाफ है। यह बिल उन्हें पढ़ाई से वंचित करने के समान है। इस बिल के दुष्परिणाम सामने आएंगे। महाविद्यालयों व विश्वविद्यालयों में पढ़ने वाले सामान्य कैटेगरी के विद्यार्थियों को दबाने का प्रयास है, जिससे आपसी भाईचारा खराब होने का खतरा है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इस बिल को लागू नहीं करने की मांग की है।

### उत्कृष्ट कार्य करने पर सिटी एसएचओ सम्मानित

**महेंद्रगढ़।** 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर नारनौल के आईटीआई मैदान में आयोजित जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री राव नरबीर ने सिटी एसएचओ पवन कुमार को उत्कृष्ठ कार्य करने पर सम्मानित किया हैं। मंत्री राव नरबीर सिंह ने वर्ष 2025-26 के दौरान उत्कृष्ट, ईमानदार एवं कर्तव्यनिष्ठ कार्य निष्पादन के लिए एसएचओ को प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि विभागीय दायित्वों का समर्पण भाव से निर्वहन का प्रभावी क्रियान्वयन विभाग की प्राथमिकता है।

## दंगल में 5100 रुपये की कुश्ती विकास 11000 रुपये की दिपांशु सांपला ने जीती

**मंडी अटेली।** खंड के गांव बिहाली में पहाड़ की तलहटी में स्थित हनुमान मंदिर परिसर में खेल प्रतियोगिताओं व मेले का आयोजन किया गया। खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ सरपंच सीताराम यादव ने रिबन काटकर किया, जिसमें मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट सुमेर सिंह यादव रहे। मंच संचालन बाबू प्रहलाद ने किया। वालीबाल शूटिंग प्रतियोगिता में दूर-दराज गांवों की 20 टीमों ने भाग लिया, जिसमें फाइनल मुकाबला पथरडी व गुरुग्राम की टीम के बीच हुआ। पथरडी की टीम विजेता रही। वहीं बहादुरगढ़ की टीम तृतीय स्थान पर रही। कबड्डी में बहाला की टीम प्रथम व कलवाड़ी की टीम दूसरे स्थान पर रही। दंगल में 5100 रुपये की कुश्ती विकास, 11000 रुपये की दिपांशु सांपला ने जीती। 31000 रुपये का मुकाबला अंकुश व मंजीत शास्त्री के बीच हुआ जो बराबर पर सिमट गया। 51000 रुपये कामडे का आखिरी मुकाबला आशीष टिकान एवं भोला पहलवान आदमपुर दाढ़ी के बीच हुआ, जो काफी मशक्कत के बाद बराबरी पर ही रह गया। विजेता खिलाड़ियों को मेला कमेटी ने नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मंदिर परिसर में गांव के निवासी कर्नल हरिसिंह के द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। जहां हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर थानेदार सत्यवीर सिंह, अमर सिंह नंबरदार, मास्टर रामरतन यादव, पंडित द्वारका प्रसाद, मास्टर हरनाम, रामौतार यादव, कृष्ण कुमार, सोमदत्त यादव, रविंद्र कालिया, कर्मवीर यादव, तेजपाल व मनोज पहलवान ने व्यवस्था को सुचारू बनाए रखा।

## दो मकानों से सोने-चांदी के जेवरात व नकदी ले उड़े चोर

**महेंद्रगढ़।** गांव मेघनवास में बंद मकान से अज्ञात चोर हजारों रुपये की नकदी व सोने-चांदी के जेवरात चोरी करके ले गए। पीड़ित ने सदर पुलिस ने में शिकायत देकर चोर को पकड़ने की मांग की है। गांव मेघनवास निवासी धर्मेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह व उसके बच्चे स्कूल गए हुए थे तथा पत्नी खेतों में चारा लाने के लिए गई हुई थी। तकरीबन 1.30 बजे घर से गई थी और तीन बजे वापिस आ गई। दो अलमारी व एक संदुक के कुंदे तोड़े हुए थे और दस हजार रुपये की नकदी, एक सोने की कुंडल की जोड़ी, एक जोड़ी चांदी की पाजेब गायब थी तथा एक चांदी की चेन भी नहीं मिली।

#### गुलावला में भी हुई चोरी

गांव गुलावला निवासी अनिता देवी पत्नी संदीप कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने गांव में अपना नया मकान बनाया हुआ है। उसका पति भारतीय सेना में नौकरी करता है। अनिता ने बताया कि अपने जेवरात कमरे में लगी लकड़ी की अलमारी में काले रंग के पर्स में रखे हुए थे। पर्स में दो सोने के कड़े लगभग पांच तोला वजनी, एक जोडी टॉप्स सोने के, एक सोने की कंठी, एक सोने का मगंलसूत्र व दो जोड़ी चांदी की पायल चोरी हो गए।

मांग | पांच दिवसीय कार्य की मांग, हड़ताल पर रहे बैंक कर्मचारी

# सरकारी बैंकों में लेनदेन नहीं होने से उपभोक्ताओं को परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

रिजर्व बैंक के अधीन आने वाले सरकारी बैंकों में मंगलवार को सप्ताह में पांच दिवसीय कार्य की मांग को लेकर हड़ताल रही। जिसका असर जिले में देखने को मिला। हड़ताल के चलते जिलेभर के सभी सरकारी बैंक बंद रहे, जिससे किसी भी प्रकार का कोई लेनदेन नहीं हो सका। इस दौरान बैंक परिसर सुनसान रहे तथा बैंक कर्मचारियों व अधिकारियों ने मांगों को लेकर नारेबाजी कर रोष जताया। बता दें कि बैंकों की हड़ताल के चलते आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा, क्योंकि इससे पहले लगातार छुट्टियां रही, जिसके चलते बैंक बंद रहे। वही मंगलवार को हड़ताल के कारण बैंकिंग कार्य ठप रहा, जिससे उपभोक्ताओं को काफी परेशानी हुई। जिसमें खासकर व्यापारी वर्ग को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बैंकों में हड़ताल के चलते नकद लेनदेन, चेक व अन्य जरूरी काम नहीं होने से उपभोक्ता प्रभावित हुए।

सर्कल प्रधान अनिल यादव ने बताया कि बैंक कर्मचारियों की मुख्य मांग पांच दिवसीय कार्य सप्ताह लागू करने की है। आरबीआई में यह व्यवस्था पहले से लागू है, लेकिन सरकारी बैंकों के कर्मचारियों व अधिकारियों को इसका लाभ नहीं दिया जा रहा है।





**नारनौल।** मांगों को लेकर नारेबाजी करते बैंक कर्मी व हड़ताल के कारण सुनसान बैंक। फोटो : हरिभूमि

#### तेज करेंगे आंदोलन

बैंक अधिकारियों व कर्मचारियों ने कहा कि सप्ताह में पांच दिन काम की मांग काफी लंबे समय से की जा रही है, लेकिन सरकार व बैंक प्रबंधन उनकी मांग पर कोई ध्यान नहीं दे रहे है, जबकि एलआईसी जैसी अन्य संस्थाओं में पांच दिवसीय कार्य सप्ताह लागू है। उन्होंने कहा कि डिजिटल सेवाओं व एटीएम की उपलब्धता के चलते कैश को लेकर भी आम लोगों को परेशानी नहीं होगी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मांग नहीं मानी गई, तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।